उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 15 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/11-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 02 फरवरी, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-11-परीक्षा/2024, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/11 के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के कुल रिक्त 5272 पदों पर चयन हेतु दिनांक 14-10-2024 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा दिनांक 11-01-2026 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक प्रदेश के 03 जनपदों यथा- बरेली, लखनऊ व झांसी के परीक्षा केंद्रों पर सकुशल व शुचितापूर्ण ढंग से आयोजित की गयी। परीक्षा के उपरान्त कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परीक्षा में प्रकाशित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम में अंकित विषयगत ज्ञान से इतर आयोग की अन्य मुख्य परीक्षाओं की भाँति उत्तर प्रदेश राज्य व कम्प्यूटर विषय से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में आयोग द्वारा गठित समिति द्वारा प्रस्तुत की गयी आख्या के परीक्षणोंपरान्त आयोग द्वारा इस सम्बन्ध में स्थापित विधिक व्यवस्थाओं के आलोक में विस्तृत विचार-विमर्श कर उक्त परीक्षा के प्रश्न-पत्र में परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम से भिन्न पूछे गये प्रश्नों हेतु परीक्षा में उपस्थित समस्त अभ्यर्थियों को पूर्णांक प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

02/02/2026
(सुभाष चन्द्र प्रजापति)
परीक्षा नियंत्रक।